न्यायालय उपखण्ड अधिकारी नसीराबाद (अजमेर)

पीठासीन अधिकारी :– राकेश कुमार गुप्ता (आर. ए. एस.)
राजस्व प्रकरण संख्या :– 68/2017

उनवान

1 मनीराम
2. श्योजी
3. रामधन पि0 चावण्डा
4. उमराव पि0 पन्ना समस्त जाति जाट नि0 ग्राम कुम्हारिया, मालपुरा

–– प्रार्थीगण :– जरियें अधिवक्ता श्री जितेन्द्र गुर्जर

बनाम

1. श्रीकिशन
2. राजेन्द्र वुत्र माधू जाति जाट नि0 ग्राम चाट, नसीराबाद
3. उमराव
4. जियाराम पि0 रंगलाल जाति जाट नि0 ग्राम मण्डियानी, नसीराबाद
5. राज0 सरकार जरियें तहसीलदार नसीराबाद

–– अप्रार्थीगण :– 5 जरिये राज0 पैरोकार
1 व 3 अनुपस्थित
2 व 4 जरियें अधिवक्ता श्री सुखदेव चौधरी

प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 128 भू राज0 अधि0 1956

–: आदेश :– दिनांक :– 31.8.20

अधिवक्ता प्रार्थी उक्त प्रार्थना पत्र पत्र प्रस्तुत कर निवेदन किया कि ग्राम भटियानी के हाल खसरा नम्बर 2099/15.75, 2127/2.05, 2129/2.83, 2129/4146 रकबा 4.00 है0 की आराजी प्रार्थीगण की खातेदारी काश्तकारी की आराजी है। उक्त आराजी पर प्रार्थीगण कदीम से काबिज काश्त है। आराजी मुतनाजा पर फसल की सुरक्षा हेतु प्रार्थीगण चारदीवारी बनाना चाहते है। उक्त आराजी के पास ही अप्रार्थीगण की खातेदार आराजी स्थित है। अप्रार्थीगण आये दिन प्रार्थी गणकी आराजी पर अनावश्यक हस्तक्षेप व विवाद उत्पन्न कर रहे है। उक्त विवाद के कारण प्रार्थीगण द्वारा तहसीलदार नसीराबाद के समक्ष सीमाज्ञान का आवेदन पत्र पेश किया गया। जिस पर काई कार्यवाही आज दिनांक तक नही की गयी। प्रार्थीगण अपनी आराजी की सही स्थिति की जानकारी चाहता है। अतः आराजी मुतनाजा की पत्थरगढी तहसीलदार नसीराबाद की उपस्थिति में कराये जाने के आदेश प्रदान करावे।

प्रार्थना पत्र दर्ज रजिस्टर कर अप्रार्थीगण को जरियें नोटिस तलब किया गया। अप्रार्थी संख्या 1 व 3 प्रकरण में अनुपस्थित रहे। अप्रार्थी संख्या 2, 4 व राज0 पैरोकार ने जाहिर किया कि प्रार्थीगण अपना प्रार्थना पत्र स्वयं सिद्व करे।

बहस उभयपक्ष सुनी गयी।

Signature Not Verified

Digitally signed by Rakesh Kumar Gupta
Date: 2020.09.29 16:13:55 IST
Reason: SelfAttested

पत्रावली का अवलोकन किया गया। वादग्रस्त आराजी प्रार्थीगण की खातेदारी में दर्ज है। प्रार्थीगण का उक्त आराजी पर कोई हक व अधिकार नही है। अप्रार्थीगण की आराजी प्रार्थी की आराजी के समीप ही स्थित है। उक्त आराजी पर सीमा सम्बन्धित विवाद है। प्रार्थीगण द्वारा उक्त आराजी के सीमाज्ञान हेतु तहसील कार्यालय में आवेदन भी पेश किया गया था। जो क्रमाक 1349/4.5.17 को पटवारी हल्का को अग्रेषित किया गया। अप्रार्थीगण 1 व 3 प्रकरण में अनुपस्थित रहे है शेष अप्रार्थीगण ने भी प्रार्थना पत्र का कोई खण्डन नही किया है। आराजी मुतनाजा की पत्थरगढी करने से अप्रार्थीगण के हितों पर कोई विपरित प्रभाव नही पडेगा साथ ही पत्थरगढी करने से वाद बहुलता कम होगी। अप्रार्थीगण अपना पक्ष दौराने पत्थरगढी कार्यवाही भी प्रस्तुत कर सकते है।

अतः ग्राम भटियानी के हाल खसरा नम्बर 2099/15.75, 2127/2.05, 2129/2.83, 2129/4146 रकबा 4.00 है0 की आराजी पर प्रार्थीगण का प्रार्थना पत्र **"स्वीकार"** किया जाता है। उक्त आराजी पर तहसीलदार नसीराबाद प्रार्थीगण व अप्रार्थीगण की विधिवत उपस्थिति में पत्थरगढी की कार्यवाही करावे। पक्षकार खर्चा स्वयं वहन करे।

आदेश सरे इजलास सुनाया गया।

उपखण्ड अधिकारी
नसीराबाद

Signature Not Verified

Digitally signed by Rakesh Kumar Gupta
Date: 2020.09.29 16:13:55 IST
Reason: SelfAttested